प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- हावड़ा–मुम्बई मार्ग पर चक्रधरपुर के पास भीषण रेल दुर्घटना, हावड़ा छत्रपति शिवाजी टर्मिनस ट्रेन की 18 बोगियां पटरी से उतरीं।
- कई यात्रियों के घायल होने की सूचना, रेलवे के वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे, बचाव और राहत कार्य जारी।
- झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को दो माह में पेशा नियमावली लागू करने का दिया आदेश।
- भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह आज पेरिस ओलिंपिक में दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड् टीम इवेन्ट में भारत के दूसरे पदक के लिए मुकाबला करेंगे।
- रांची सहित राज्यभर में आज से तीन दिनों तक भारी बारिश के आसार, मौसम विभाग ने वज्रपात की जारी की चेतावनी।

***************

हावड़ा– मुम्बई मार्ग पर चक्रधरपुर के पास आज अहले सुबह भीषण रेल दुर्घटना हुई। हावड़ा छत्रपति शिवाजी टर्मिनस ट्रेन की अट्ठारह बोगियां पटरी से उतर गयीं। इस घटना में कई यात्रियों के घायल होने की सूचना है। जानकारी के अनुसार राजखरसावां रेलवे स्टेशन के बीच पोटो बेड़ा गांव के समीप हावड़ा–मुम्बई मेल ट्रेन संख्या 12810 बेपटरी हो गई। ट्रेन की चार जनरल बोगी को छोड़ बाकी सभी बोगियां पटरी से उतर गईं। इधर घटना की सूचना मिलते ही डीआरएम और रेलवे के वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वहीं सूचना मिलते ही सरायकेला उपायुक्त भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। फिलहाल स्थानीय ग्रामीण राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। मिली जानकारी के अनुसार टाटानगर से खुलकर जैसे ही ट्रेन बड़ा बाम्बो से आगे निकली, अचानक तेज आवाज के साथ ट्रेन बेपटरी हो गयी। घटना सुबह करीब 5 बजे के आसपास की बताई जा रही है।

***************

चक्रधरपुर मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि घायल यात्रियों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटनास्थल पर राहत ट्रेन पहुंच गई है। राहत एवं बचाव कार्य जोरों पर है ।

रेलवे ने टाटानगर के लिए (06572290324), चक्रधरपुर के लिए (06587 238072), राउरकेला के लिए (06612501072 और 06612500244), रांची के लिए (0651278711) और हावड़ा के लिए (9433357920 और 03326382217) के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में केन्द्रीय बजट 2024–25 के बाद जर्नी टूवार्डस विकसित भारत नामक एक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई ने किया है। इसका उद्देश्य उद्योग की भूमिका और विकास के लिए सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के प्रति एक रूपरेखा प्रस्तुत करना है।

इस सम्मेलन में उद्योग, सरकार, राजनयिक समुदाय और थिंकटैंक के एक हजार से अधिक भागीदार शामिल होंगे, जबकि देश और विदेश के बहुत से भागीदार विभिन्न सीआईआई केन्द्रों से जुडेंगे।

***************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का तीसरा दिन आज है। कल सत्र के दूसरे दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। वहीं हंगामे के बीच वित्तमंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने चार हजार आठ सौ तैंतीस करोड़ रूपये का अनुपूरक बजट पेश किया। बजट पर आज विभागवार चर्चा की जाएगी। कल अनुपूरक बजट पेश होते ही विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही आज ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी।

***************

झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को दो माह के अंदर पेशा नियमावली लागू करने का आदेश जारी किया है। झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सूजित नारायण प्रसाद और न्यायाधीश एके राय की अदालत में इससे जुड़ी कई जनहित याचिकाओं पर कल सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किया। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि पेशा नियमावली बने अट्ठाईस साल हो गए। आदिवासी हितों के लिए झारखंड बने चौबीस साल हो गये, पर नियमावली लागू नहीं हुई जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि नियमावली लागू करने की प्रक्रिया जारी है।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

पाकुड़ जिले में आगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को प्ले स्कूल की तर्ज पर जिला प्रशासन सुविधाएं मुहैया कराएगा।

***************

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह आज पेरिस ओलिंपिक में दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड् टीम इवेन्ट में भारत के दूसरे पदक के लिए मुकाबला करेंगे। आज भारतीय समय के अनुसार दोपहर एक बजे उनका सामना दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्हो से होगा।

***************

राजधानी रांची सहित राज्यभर में आज से तीन दिन तक बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल राज्य के अधिकांश जिलों में मध्यम दर्जे की बारिश होगी। राज्य के पूर्वी–पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, बोकारो, खूंटी गुमला, हजारीबाग और रामगढ़ में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है।

***************

अखबारों की सुर्खिया

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन हंगामे के बीच अनुपूरक बजट पेश करने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर ने लिखा है – बंग्लादेशी घुसपैठ और बाहरी–भीतरी पर सदन में हंगामा, नहीं चली कार्यवाही।

हिन्दुस्तान लिखता है– झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिया निर्देश, पेशा नियमावली दो माह में लागू करें।

वेल में पहुंचे पक्ष विपक्ष के विधायक, हंगामें के कारण नहीं चली विधानसभा दैनिक भास्कर ने इसे सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण लिखता है – राज्यपाल ने स्थानीयता और आरक्षण सीमा बढ़ाने वाले विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजे।

अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से लिया है।

*********************